## महत्वपूर्ण एवं खास

### सेल्फी लेने के चक्कर में एक मजदूर मां बम्लेश्वरी मंदिर के रोप-वे से गिरा,बाल-बाल बची जान

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के रोप-वे में गुरुवार को फिर हादसा हो गया। सेल्फी लेने के चक्कर में एक मजदूर पहाड़ी से करीब 10 फीट नीचे जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन उससे पहले ही मंदिर प्रबंधन ने उसे अस्पताल भिजवा दिया। वहां उसकी हालत गंभीर देख राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में मेंटेनेंस का काम चल रहा है। इस दौरान रोप-वे में कार्यरत एक मजदूर बधियाटोला निवासी नितेश भी वहां काम रहा था। बताया जा रहा है कि ऊपर मंदिर स्थित टर्मिनल के प्लेटफार्म पर सेल्फी लेने लगा। इसी दौरान अचानक से पहाड़ी से नीचे गिर पड़ा। गनीमत रही कि वह वहीं अटक गया, इसके चलते उसकी जान बच गई।हादसे के बाद उसे प्राथमिक इलाज के लिए डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया गए।इससे पहले भी मंदिर के रोप-वे पर हादसे होते रहे हैं।

### 1 घंटे तक चली मुठभेड़ में भाग खड़े हुए नक्सली

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के धुर नक्सल प्रभावित ताडोकी इलाके में बीती रात नक्सलियों ने घात लगाकर सर्चिंग से लौट रहे जवानों पर हमला कर दिया। इस मुठभेड़ में लगभग 01 घंटे तक हुई गोलीबारी में जवानों के जवाबी कार्यवाही से नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देखकर भाग खड़े हुए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, जवानों ने नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया है। नक्सली मुठभेड़ की पुष्टि एसपी शलभ सिन्हा ने की है।

### लैंको पावर प्लांट में ठेका श्रमिक की मौत, मजदूरों में फूटा आक्रोश किया प्रदर्शन

**कोरबा (आरएनएस)।**उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लैंको पावर प्लांट में शुक्रवार की सुबह लगभग 9.00 बजे संयंत्र में हादसा हो जाने की वजह से एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई है। बताया जाता है कि ठेका श्रमिक की मौत को लेकर मजदूरों में आक्रोश फूट पड़ा है और मजदूर की मौत के मामले को लेकर ठेका श्रमिकों ने संयंत्र के भीतर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही लैंको प्रबंधन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई हैं और प्रदर्शन कर रहे मजदूरों को समझाएं देने का प्रयास कर रही है।

### एक नक्सली मिलिशिया सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू अभियान के तहत कटेकल्याण एरिया कमेटी अंतर्गत मारजूम पंचायत मिलिशिया सदस्य राजू मडक़ाम ने आज एसपी सिद्धार्थ तिवारी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत जिले में अब तक 127 ईनामी सहित 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं। एसपी तिवारी ने बताया कि आत्म समर्पित नक्सली राजू मडक़ाम वर्ष 2017-18 में जगदलपुर संजय मार्केट से बंद कार्टून में नक्सलियों का सामान लाकर डूमाम एलओएस कमांडर मंगतू एवं कटेकल्याण एलजीएस कमांडर बादल को देने की घटना में शामिल था। साथ ही परचेली से चिकपाल मार्ग में 20 से 25 स्थानों पर सडक़ खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने व नक्सली बंद के दौरान कटेकल्याण ब्लाक कालोनी एवं परचेली स्कूल के पास नक्सली बैनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाने की घटना में शामिल था।

### इजीनियरिंग सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 20 को

रायपुर, 18 फरवरी (आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित इजीनियरिंग सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 20 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जायेगी।

# कई गाड़ियों का परिचालन 26 फरवरी तक रद्द रहेगा

**○ बिलासपुर मंडल के खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य चलेगा**

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य 18 से 22 फरवरी तक किया जायेगा, जिसके चलते कई गाडिय़ों का परिचालन रद्द रहेगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार प्रभावित होने वाली गाडिय़ों में 18 फरवरी 2022 से 26 फरवरी 2022 तक गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी, 19 फरवरी से 27 फरवरी तक गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी, 18 फरवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 20 फरवरी को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 21 फरवरी को नांदेड़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 23 फरवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 22 फरवरी को इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 फरवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 फरवरी को वलसाड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 27 फरवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 25 फरवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 27 फरवरी 2022 को पटना से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 23 फरवरी को रानी कमलापति(हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति (हबीबगंज) -सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 24 फरवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति (हबीबगंज) एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 19 व 26 फरवरी 2022 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 21 व 28 फरवरी 2022 को पुणे से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



इसी प्रकार 19, 24 एवं 26 फऱवरी 2022 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। 18, 21, 22,23 एवं 25 फरवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी, 18 फरवरी से 26 फरवरी तक राजेन्द्रनगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी, 19, 22 एवं 26 फरवरी 2022 को सिकंदराबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी, वहीं 22, 25 एवं 26 फरवरी को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संबलपुर-टीटलागढ़-लखोली- रायपुर -बिलासपुर के रास्ते चलेगी, 23 , 26 एवं 27 फरवरी को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-रायपुर-लखोली- टीटलागढ़ संबलपुर के रास्ते चलेगी।

# लेन्ध्रा में लगा गोठान मेला, महिला समूहों ने बेचे 55 हजार के उत्पाद

**○ बैंकों ने लगाया क्रेडिट कैम्प, 23 लाख के लोन हुए स्वीकृत**

**रायगढ़।** छ.ग.शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अंतर्गत जनपद पंचायत सारंगढ़ के गोठान ग्राम लेन्धरा में गोठान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े उपस्थित रही। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू मालाकार, उपाध्यक्ष गणपत जांगड़े, अरुण मालाकार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बैजंती लहरे, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता भारद्वाज, सरपंच ग्राम पंचायत लेन्धरा उपस्थित रहे।

गोठान मेला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत 28 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री, सजावट के समान आदि का बिक्री हेतु स्टॉल लगाया गया था। जिसमें 55 हजार 650 रूपये की बिक्री समूहों द्वारा की गई। बिहान योजना अंतर्गत ही बैंक ऑफ बड़ोदा, ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक द्वारा बैंक क्रेडिट कैम्प का भी अयोजन किया गया था। जिसमें कुल 22 स्व-सहायता समूहों को 23 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।




कृषि विभाग द्वारा गोठान समिति लेन्धरा को रोटरी टिलर समूहों को मक्का बीज हितग्राहियों को वर्मी खाद कीटनाशक वितरित किया गया। लघु धान्य फसल अंतर्गत रागी प्रदर्शन किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 2 समूह की महिलाओं को कटहल, अमरूद, नीम्बू, कुंदरू, अशोक, गुलमोहर के पौधे का वितरण किया गया।

गोठान मेले में विभिन्न प्रकार के क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कोसीर की टीम कबड्डी एवं रस्साकसी में विजेता रही। फुगड़ी में नाचनपाली से फुलमत कोशले विजेता रही। इस मौके पर आईआईटी मुम्बई से आये टीम रिसर्च हेतु गोठान मेले में पहुंचे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत रायगढ़ से एनआरएलएम प्रभारी महेश पटेल, डीपीएम अविक बसु, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक बनर्जी सहित जनपद पंचायत कार्यालय एवं पूरी बिहान टीम के साथ गोठान समिति अध्यक्ष, सचिव, सदस्य, सक्रिय महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# सडक़ किनारे खड़े ट्रक में घुसी बाईक, मां-बेटे सहित 4 की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में बीती रात हुए सडक़ हादसे में मां-बेटा सहित 4 लोगों की मौत हो गई है। बाकी दो मृतक भी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। हादसे के दौरान चारों एक ही बाइक पर सवार थे। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बाइक सडक़ पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। चारों लोग शादी कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। हादसा पटेवा थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बंसुलाडबरी निवासी बगुली बाई (45 वर्ष), बेटा प्रेमलाल (18 वर्ष) जिले के ढाक स्थित एक फार्म हाउस में काम करते थे। बगुली बाई के घर में शादी का कार्यक्रम था जिसमें शामिल होने के लिए दोनों को गुरुवार को घर लौटना था। उन्होंने ढाक गांव से अपने रिश्तेदार जामलाल नागवंशी और हुमनलाल को भी साथ ले लिया। चारों लोग एक बाइक पर देर रात घर के लिए निकले लेकिन रास्ते में झलप-तेन्दूकोना मार्ग पर सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे बाइक घुस गई। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही चारों लोग उछल कर सडक़ पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। चारों की पहचान होने के बाद आज सुबह परिजनों को इसकी जानकारी दी गई।

# राखड़ परिवहन से पश्चिम क्षेत्र की जनता त्रस्त, राजनैतिक और सामाजिक संगठनों ने किया चक्काजाम

**कोरबा (आरएनएस)।**उद्योगों से उत्सर्जित राखड़ के परिवहन के दौरान होने वाली समस्या से कोरबा पश्चिम क्षेत्र की जनता त्रस्त हो गई है। राजनैतिक और सामाजिक संगठनों सहित नागरिकों ने मिलकर इस मसले को लेकर जेलगांव चौराहे पर आज चक्काजाम कर दिया। उसके कारण दोनों दिशा में वाहनों की आवाजाही थम गई। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी इस मामले का समाधान खोजने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

लंबे समय से इस इलाके में औद्योगिक प्रदूषण के चलते नागरिकों को काफी दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। एनटीपीसी और बिजली उत्पादन कंपनी के पावर प्लांट में प्रतिदिन कई लाख टन कोयला का उपयोग होता है। इसी के साथ प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अपशिष्ट के रूप में राख उत्सर्जित होता है। इसके शत-प्रतिशत यूटिलाइजेशन की चुनौती प्रबंधन के सामने बनी हुई है। इसके निराकरण के लिए कार्य यजना बनाई जाती रही है लेकिन परिणाम सामने नहीं आ सके हैं। इसका नतीजा यह हो रहा है कि खासतौर पर रोड ट्रांसपोर्ट के जरिए राखड़ को विभिन्न क्षेत्रों में भेजने के दौरान पश्चिम इलाके मैं प्रदूषण की स्थिति निर्मित हुई है। इस मामले को लेकर आज घोषित कार्यक्रम के अनुसार जलगांव चौराहे पर नागरिक संगठनों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। काफी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में शामिल हुए और वाहनों की आवाजाही को रोक दिया। लोगों की शिकायत है कि वायु प्रदूषण और सडक़ों की खराब स्थिति के कारण जन जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।

# राजस्व विभाग से विवाद: अधिवक्ताओं ने किया पुतला दहन

**कोरबा।** राजस्व अधिकारियों, कर्मियों और अधिवक्ताओं में लगातार तनातनी के बीच विरोध का क्रम जारी है। आज विरोध स्वरूप जिला न्यायालय परिसर से तानसेन चौक तक, जहां राजस्व विभाग के लोग धरने पर बैठे हैं, अधिवक्ताओं द्वारा पुतले के साथ एक रैली निकाली गई और रामपुर पुलिस चौकी के सामने उसका दहन किया गया। पुतला दहन की बात पर पुलिस के साथ विवाद की स्थिति निर्मित होने के बाद अधिवक्ता संघ के द्वारा राजस्व विभाग का पुतला दहन किया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने रामपुर पुलिस चौकी जाकर कल दिए गए आवेदन पत्र पर कारवाई करते हुए प्रकरण दर्ज करने की मांग की। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी ने इस दौरान अधिवक्ताओं को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, गणेश कुलदीप, गोपी कौशिक, अनीश सक्सेना, ममता दास, चंद्रदीप शर्मा, रमेश यादव, राजकुमार अज्ञे, संजय जायसवाल, सुधीर निगम, संजय शाह, कमल श्रीवास्तव, मानसिंह यादव, सुरेश शर्मा, अरुण सिंग, सुसुमन तिवारी, आर बी सोनी, दीपक दुबे, उत्पल अग्रवाल, हारून सईद, संतोष कुमार नागेश्वर राव, दिनेश अग्रवाल, रंजना दत्ता, रामकिशोर, प्रेमलता राठौर, ओ श्रीनिवास, राजेश्वरी राठौर, बसंती सौंधिया, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि बिना किसी सूचना के कोरबा तहसील कार्यालय में 3 दिवसीय तालाबंदी से जनाक्रोश व्याप्त है। जनसामान्य को हो रही असुविधाओं को देखते हुए कल अधिवक्ता संघ ने रामपुर पुलिस चौकी में एक आवेदन देकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की बात को लेकर राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी।

दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग और अधिवक्ताओं के बीच छिड़े विवाद में अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया की शामिल हो गया है। कॉउंसिल का इस संबंध में कहना है कि इस राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों के चलते ऐसी स्थिति बनी है। बेगुनाह वकीलों को रिहा कर केस वापस लिया जाए। वहीं मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किए गए वकील भुवनलाल साव की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। अधिवक्ताओं की ओर से उन्हें ही बेगुनाह बताया जा रहा है। कॉउंसिल के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा की ओर से डीजीपी को पत्र भी भेजा गया है।

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अभिनव पहल अभियान अनुतोष प्रारंभ

**○ अभियान के अंतर्गत पेंशन एवं जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के पीड़ित पक्षकारों को त्वरित विधिक सहायता होगी उपलब्ध**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा अभियान 'अनुतोष' प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पेंशन एवं जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के पीड़ित पक्षकारों को त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल ने जानकारी दी है कि अभियान 'अनुतोष' के अंतर्गत जिन भी जरूरतमंद व्यक्तियों को पेंशन संबंधित परेशानी है अथवा जनोपयोगी सेवाएं अर्थात परिवहन सेवा जिसमें यात्री एवं माल की ढुलाई हवाई, सड़क एवं जलमार्ग किया जाये, डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा, किसी संस्था के द्वारा जनता को बिजली, प्रकाश या पानी की आपूर्ति, सार्वजनिक संरक्षण या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय में सेवा, बीमा सेवा, बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवा, किसी भी प्रतिष्ठान के द्वारा जनता को ईंधन की आपूर्ति, शिक्षा एवं शिक्षण संस्थान एवं आवास एवं अचल संपत्ति सेवाएं से संबंधित कोई भी परेशानी है तो वे इस संबंध में अपना आवेदन सीधे छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन, बिलासपुर में अपने संपूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत कर सकते है। इस हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्तर पर हेल्प डेस्क के रूप में विशेष व्यवस्था की गई है, जहां से प्रस्तुत आवेदनों पर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही कर पीड़ित पक्षकारों को त्वरित राहत दिलाये जाने बाबत् आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अवगत हो कि पीड़िता तर्शिला मिंज, जो शहीद की बेवा है, जो पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त करने के लिए परेशान थी, इसी प्रकार सुदूर वनांचल सरईबहार में पहाड़ी कोरवा परिवार की दो बच्चियां विगत 15 वर्षों से जमीन पर पड़ी रहती है वो न तो बोल पाती हैं और न ही चल पाती हैं। उक्त गांव में पीने के पानी तक की सुविधा नहीं है, हैण्ड पम्प पिछले 05 वर्षों से बिगड़ा पड़ा हुआ है। उक्त दोनों के संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संज्ञान में लिया जाकर उन्हें समुचित सहायता प्रदान करने की कार्यवाही की गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# फर्जी नौकरी मामले में थाना प्रभारी पर राजीनामा कराने व रकम लेने का लगा आरोप

**○ महिला की शिकायत पर एसपी ने दिये जांच के निर्देश**

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल में फर्जी नौकरी मामले में आपसी समझौता(राजीनामा)कराने के नाम पर जिले के एक थाना प्रभारी पर 3 लाख रूपए लेने तथा उसमें से 1 लाख 60 हजार रूपए शिकायतकर्ता को किश्तों में देकर शेष रकम दबा लेने का आरोप लगा है। महिला द्वारा इसकी शिकायत किये जाने पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच का निर्देश सीएसपी कोरबा को दिया है। एसपी के निर्देश पर सीएसपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में रूपए देने वाले फर्जी कर्मी को पूछताछ के लिए बार-बार कार्यालय बुलाया जा रहा है। किन्तु वह पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं हो रहा है। जिस पर जांच अटका हुआ है, अब सीएसपी कार्यालय द्वारा उसे नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार पुराना गुरूघांसीदास चौक भदरापारा बालको निवासी श्रीमती उारा दिव्या पति आकाश कुमार दिव्या ने बीते माह पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसके ससुर कलेश्वर दिव्या पिता स्व. गोविंदराम दिव्या के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम सिरकी तहसील कटघोरा जिला कोरबा में खसरा नंबर 69, 107, 135 कुल रकबा 16.45 एकड़ स्थित थी। उक्त भूमि को एसईसीएल प्रबंधन दीपका द्वारा खदान के लिए अर्जित कर मुआवजा दिया गया था। उक्त भूमि के एवज में चाकाबुड़ा जवाली में रहने वाले बृजलाल भारद्वाज द्वारा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एसईसीएल दीपका में फर्जी नौकरी प्राप्त कर लिया गया था। इस संबंध में उसके पति आकाश कुमार दिव्या के द्वारा थाना दीपका में शिकायत किया गया था, जिस पर थाना प्रभारी ए सिंह द्वारा बृजलाल भारद्वाज को थाना में बुलाया गया और उसके पति पर जबरन दबाव बनाकर उक्त शिकायत पर राजीनामा 3 लाख रूपए में कराया गया। थाना प्रभारी ने आरोपी बृजलाल से राजीनामा के रकम 3 लाख रूपए ले लिए किन्तु उसके पति आकाश दिव्या को रूपए देने में आनाकानी करने लगे।

बार-बार रकम लिए जाने की मांग पर थाना प्रभारी ने बड़ी मुश्किल से अलग-अलग किश्तों में 1 लाख 60 हजार रूपए दिए। किन्तु शेष रकम 1 लाख 40 हजार रूपए आज पर्यन्त तक नहीं दिया गया और प्रभारी ने इसे दबा रखा है। उसके पति द्वारा शेष रकम की मांग किये जाने पर अब थाना प्रभारी द्वारा उसे झूठा प्रकरण में फंसा कर जेल में सड़ा देने की धमकी दिया जा रहा है, जिसके कारण वह काफी भयभीत हैं और थाना जाने में डरता है।

मजबूरन उसे अब थाना प्रभारी के खिलाफ शिकायत करना पड़ रहा है। आशंका है कि थाना प्रभारी द्वारा कभी भी उसके पति को झूठे प्रकरण में फंसाया जा सकता है। महिला ने मांग की कि थाना प्रभारी द्वारा दबाये गए हमारे हक की रकम को दिलाने पहल की जाए। महिला की शिकायत को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए एसपी कोरबा को निर्देशित किया है। एसपी के निर्देश पर सीएसपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।